झारखण्ड सरकार

# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

एफ–49/50, सेक्टर–III, धुर्वा, राँची–834004.

## विज्ञापन संख्या–07/2015
## झारखण्ड सचिवालय लिपिकीय सेवा प्रतियोगिता परीक्षा–2015

1. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या–12/नि॰–07–04/2011 का॰ 4104 (अनु॰) दिनांक 06.05.2015 द्वारा संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए सुयोग्य उम्मीदवारो के चयन हेतु भारत के नागरिकों से विहित प्रपत्र में झारखण्ड सचिवालय लिपिकीय सेवा प्रतियोगिता परीक्षा–2015 के लिये ऑनलाईन आवेदन आंमत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवार अर्हता अनुसार निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आवेदन दे सकते है। ऑन–लाईन (Online) आवेदन आयोग के वेबसाईट www.jssc.in पर लॉगईन (Login) करके समर्पित किया जा सकता है।

2. **रिक्तियों का विवरण :–**

| क्रम सं॰ | सेवा का नाम | पदनाम | आरक्षण कोटि | पदों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल | क्षैतिज आरक्षण | | | |
| | | | | | महिला | दृष्टि निःशक्तता | मूक बाधिर निःशक्तता | चलन निःशक्तता |
| **1** | **2** | **3** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** |
| 1. | झारखण्ड सचिवालय लिपिकीय सेवा | निम्नवर्गीय लिपिक | 1.अनारक्षित | 86 | 04 | 01 | 01 | 01 |
| | | | 2.अनुसूचित जनजाति | 45 | 02 | 01 | 00 | 00 |
| | | | 3.अनुसूचित जाति | 17 | 01 | 01 | 00 | 00 |
| | | | 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I) | 14 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| | | | 5.पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –II) | 10 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| | | | **योग :–** | **172** | **09** | **03** | **01** | **01** |

3. परीक्षा के लिए आवेदन देने के पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित हो लें कि वे विज्ञापित पद की पात्रता के विषय पर प्रकाशित सभी शर्त्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा में बैठने की अनुमति पूर्णतः औपबन्धिक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होना प्रमाणित नही करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पद पर नियुक्ति के लिए चयन हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं क्योंकि आयोग मुख्य परीक्षा के बाद सफल अभ्यर्थियों की पात्रता से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की जाँच कर सकता है।

4. कंडिका– 2 में वर्णित पदों का वेतनमान एवं न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता निम्नवत् हैः–

| क्रम सं॰ | पदनाम | वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1. | निम्नवर्गीय लिपिक | वेतन बैंड पी॰बी॰ I – रू॰ 5200–20200 ग्रेड वेतन – रू0 1900 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा समकक्ष डिग्री । |

<u>शैक्षणिक योग्यता के निर्धारण के लिए **Online** आवेदन देने की अंतिम तिथि को आधार तिथि **(Reference Date)** माना जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी इस तिथि तक निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नहीं धारित करते हैं तो वे अयोग्य समझे जायेंगे।</u>

5. **<u>आयु सीमा</u>:– उम्र की गणना दिनांक 01.08.2015 के आधार पर की जायेगी।**

1. न्यूनतम उम्र :– 18 वर्ष।
2. अधिकतम उम्र :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | अनारक्षित | – | 35 वर्ष। |
| (ख) | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग– (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 (पुरूष) | – | 37 वर्ष। |
| (ग) | अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति (पुरूष एवं महिला) | – | 40 वर्ष। |
| (घ) | झारखण्ड राज्य की स्थानीय निवासी महिला – अनारक्षित, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 | – | 38 वर्ष। |

**झारखण्ड राज्य के सभी कोटि के निःशक्त अभ्यर्थियों (मात्र झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी श्रेणी के लिए) को आयु सीमा में पाँच वर्षों की अतिरिक्त छूट दी जायेगी।**

6. दृष्टि निःशक्त एवं चलन निःशक्तता श्रेणी के उम्मीदवारों को उनके अनुरोध पर स्क्राईब की सुविधा दी जायेगी। निःशक्त श्रेणी के उम्मीदवारों को परीक्षा में उत्तर देने के लिए 20 मिनट प्रति घंटा की दर से अतिरिक्त समय दिया जायेगा। यह सुविधा सभी निःशक्त अभ्यर्थियों को दी जायेगी।

7. ON LINE <u>आवेदन पत्र को भरना एवं (Submit) करना :–</u> **आवेदन पत्र भरने के लिए सर्वप्रथम आयोग के वेवसाईट www.jssc.in पर जाएँ एवं Online Application for Jharkhand Secretariate Lower Division Clerk Competitve Examination–2015 को Click करें। तत्पश्चात अपना पंजीकरण (Registration) करें। पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होते ही आपके मोबाईल फोन एवं ईमेल पर पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड आ जायेगा। पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड को नोटकर सुरक्षित रखें क्योंकि भविष्य में लॉगिन करने के लिए इन दोनो की आवश्यकता होगी। पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड प्राप्त होते ही आप पुनः लॉगिन करें एवं आप अपने बारे में विस्तृत सूचना तथा अपना स्कैन (Scanned) किया हुआ फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर अपलोड कर दें। ऑनलाईन आवेदन के प्रत्येक पृष्ठ को "Save and Continue" करने के पश्चात् अगले पृष्ठ की सूचना भरा जाना आवश्यक है अन्यथा भरे गये आवेदन का प्रिंटआऊट नहीं निकल पायेगा। जिस तिथि को आप यह कार्य पूरा कर लेते हैं उसकी अगली तिथि को 12.00 बजे मध्याह्न के पश्चात पुनः लॉगिन करें एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान कर दें। परीक्षा शुल्क भुगतान करने के दो दिनों के बाद पुनः लॉगिन कर आप भरे हुए आवेदन का प्रिंटआउट ले सकते हैं।**

आवेदन पत्र में सभी सूचनाएँ भरा जाना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन Online Submit नहीं हो पायेगा। ऑन–लाईन आवेदन भरने के लिए लिंक दिनांक 09.10.2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न् से उपलब्ध होगा तथा आवेदन को भेजने (Submit) करने की अन्तिम तिथि दिनांक 07.11.2015 संध्या 5.00 बजे तक है। 07.11.2015 के बाद दिनांक 14.11.2015 तक लिंक मात्र परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए उपलब्ध होगा। दिनांक 14.11.2015 के बाद ऑन–लाईन आवेदन का लिंक बंद कर दिया जायेगा।

**आवदेकों को सूचित किया जाता है कि आवेदन Submit करने के पूर्व भरे गये आवेदन को ठीक से देख लें। यदि कोई त्रुटि है तो उसे सुधार कर ही आवेदन Submit करें। एक बार आवेदन Submit करने के पश्चात् परीक्षाफल को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रविष्टि में सुधार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा और भरे गये आवेदन के आधार पर ही आवेदक की परीक्षा ली जायेगी।**

8. परीक्षा का स्वरूप

**1. परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :–** परीक्षा तीन चरणों में ली जायेगी –

(क) प्रारम्भिक परीक्षा
(ख) मुख्य परीक्षा
(ग) टंकण जाँच

प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित होंगे। टंकण जाँच परीक्षा योग्यता प्रदायी परीक्षा (Qualifying Examination) है। इस परीक्षा में असफल उम्मीदवारों का चयन नहीं किया जायेगा।

9. **परीक्षा शुल्कः–**

परीक्षा शुल्क रू0 460 (चार सौ साठ रूपये) है।

**परीक्षा शुल्क में छूटः–** झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू॰ 115/– (एक सौ पन्द्रह रूपये) है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बैंक चार्ज के रूप में अतिरिक्त राशि का भुगतान भी करना होगा। **विस्तृत सूचना को विवरणिका में देखा जा सकता है जो आयोग के वेवसाईट www.jssc.in पर उपलब्ध है।**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे इस परीक्षा की विवरणिका, जो आयोग के वेवसाईट www.jssc.in पर उपलब्ध है, अवश्य देख लें।

ह॰/–
परीक्षा नियंत्रक।